बरेली, गुरुवार
1 जून 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

Page NO : 10 Bottom

बीटेक के 93 फीसद विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

जासं, बरेली : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में बीटेक के 93 फीसद छात्र-छात्राओं का मल्टीनेशनल कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। शैक्षिक सत्र 2017-2018 में 83 कंपनियों ने साक्षात्कार लिया। इसमें 50 कंपनी कैंपस पहुंची, जबकि बाकी पूल कैंपस और ऑफ प्लेसमेंट कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों को अधिकतम छह लाख और न्यूनतम 3.10 लाख रुपये का सालाना पैकेज मिला है। इसमें कुछ विद्यार्थियों को छह, चार तक ऑफर मिले हैं। चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक, संस्थान और अपने माता-पिता को दिया है। संस्था के चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक प्रो. सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।